
# हैरल्ड की बैंगनी पेंसिल

क्रौकिट जॉनसन




# Harold and the Purple Crayon

Crockett Johnson

# हैरल्ड की बैंगनी पेंसिल

क्रौकिट जॉनसन



# Harold and the Purple Crayon

Crockett Johnson

## नव जनवाचन आंदोलन

इस किताब का प्रकाशन भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने 'सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट' के सहयोग से किया है। इस आंदोलन का मकसद आम जनता में पठन-पाठन संस्कृति विकसित करना है।


| | |
|---|---|
| **हैरल्ड की बैंगनी पेंसिल**<br>*क्रौकिट जॉनसन* | **Harold and the Purple Crayon**<br>*Crockett Johnson* |
| *हिंदी अनुवाद*<br>अरविंद गुप्ता | *Hindi Translation*<br>Arvind Gupta |
| *कॉपी संपादक*<br>राधेश्याम मंगोलपुरी | *Copy Editor*<br>Radheshyam Mangolpuri |
| *रेखांकन*<br>*( मूल चित्रों पर आधारित )*<br>अरविंद गुप्ता | *Illustration*<br>*(Based on original Illustrations )*<br>Arvind Gupta |
| *कवर व ग्राफिक्स*<br>अभय कुमार झा | *Cover & Graphics*<br>Abhay Kumar Jha |
| *प्रथम संस्करण*<br>नवंबर 2007 | *First Edition*<br>November 2007 |
| *सहयोग राशि*<br>25 रुपये | *Contributory Price*<br>Rs. 25.00 |
| *मुद्रण*<br>सन शाइन ऑफसेट<br>नई दिल्ली - 110 018 | *Printing*<br>Sun Shine Offset<br>New Delhi - 110 018 |

*Publication and Distribution*

**Bharat Gyan Vigyan Samiti**

*Basement of Y.W.A. Hostel No. II, G-Block, Saket , New Delhi - 110017*

*Phone : 011 - 26569943, Fax : 91 - 011 - 26569773*


Email : bgvs_delhi@yahoo.co.in, bgvsdelhi@gmail.com

BGVS NOV 2007 2K 2500 NJVA 0106/2007

# हैरल्ड की बैंगनी पेंसिल


## Harold and the Purple Crayon

एक शाम हैरल्ड काफी देर सोचता रहा।
फिर उसने बाहर चांदनी रात में घूमने
जाने का निश्चय किया।




One evening, after thinking it over for some time,
Harold decided to go for a walk in the moonlight.

बाहर चांद नहीं था और हैरल्ड को घूमने
के लिए चांद की रोशनी की जरूरत थी।




There wasn't any moon, and Harold needed a
moon for a walk in the moonlight.

फिर उसे चलने के लिए एक सड़क भी चाहिए थी।




And he needed something to walk on.

वह खो न जाए इसलिए उसने अपनी
पेंसिल से एक लंबी लाइन बनाई।




He made a long straight path
so he wouldn't get lost.

फिर वह अपनी मोटी पेंसिल लेकर टहलने निकला।




And he set off on his walk, taking
his big purple crayon with him.

पर रास्ता एकदम सीधा चलता चला जा रहा था।
इसलिए हैरल्ड एक पगडंडी की ओर मुड़ा।




But he didn't seem to be getting
anywhere on the long straight path.

फिर उसने पगडंडी को छोड़कर एक खेत को पार किया।
चांद भी उसके साथ-साथ चला।




So he left the path for a short cut across
a field. And the moon went with him.

जैसा कि हैरल्ड को उम्मीद थी, वह रास्ता
उसे एक जंगल की ओर ले गया।



The short cut led right to where
Harold thought a forest ought to be.

हैरल्ड घने जंगल में खोना नहीं चाहता था। इसलिए उसने एक छोटा-सा जंगल बनाया जिसमें सिर्फ एक पेड़ था।




He didn't want to get lost in the woods. So he made a very small forest, with just one tree in it.

वह पेड़ सेब का था।



It turned out to be an apple tree.

पकने के बाद सेब बहुत स्वादिष्ट होंगे, हैरल्ड ने सोचा।



The apples would be very tasty,
Harold thought, when they got red.

सेबों की हिफाजत करने के लिए
हैरल्ड ने एक डरावना ड्रैगन बनाया।



So he put a frightening dragon under
the tree to guard the apples.

वह ड्रैगन वाकई में बहुत भयानक था।




It was a terribly frightening dragon.

ड्रैगन को देखकर हैरल्ड भी डर गया।



It even frightened Harold. He backed away.

डर से उसके हाथ की पेंसिल थरथराने लगी।



His hand holding the purple crayon shook.

उसे समझ में आया कि वह पानी में डूब रहा है।




Suddenly he realized what was happening.

तब तक हैरल्ड महासागर में डुबकी लगा रहा था।




But by then Harold was over his head in an ocean.

हैरल्ड ने फौरन सोचा।




He came up thinking fast.

उसने एक छोटी-सी नाव बनाई और उसमें चढ़ गया।




And in no time he was climbing
aboard a trim little boat.

फिर उसने नाव में पाल लगाई।




He quickly set sail.

चांद भी उसके साथ-साथ तैरता रहा।




And the moon sailed along with him.

काफी देर तैरने के बाद हैरल्ड की नाव
बिना किसी परेशानी के तट पर जा पहुंची।




After he had sailed long enough,
Harold made land without much trouble.

वह समुद्र के तट पर उतरकर
सोचने लगा कि वह अब कहां है?




He stepped ashore on the beach,
wondering where he was.

समुद्र के तट को देख हैरल्ड को पिकनिक की याद आई।
पिकनिक की याद आते ही उसके पेट में चूहे कूदने लगे।




The sandy beach reminded Harold of picnics.
And the thought of picnics made him hungry.

फिर उसने पिकनिक के पकवान बनाए।




So he laid out a nice simple picnic lunch.

हर थाली मिठाइयों से भरी थी।




There was nothing but pie.

नौ थालियां हैरल्ड की मनपसंद मिठाइयों से भरी थीं।




But there were all nine kinds of pie
that Harold liked best.

हैरल्ड ने जमकर खाया। फिर भी बहुत-सी मिठाई बच गई।



When Harold finished his picnic
there was quite a lot left.

इतनी स्वादिष्ट मिठाई बेकार हो,
यह हैरल्ड को अच्छा नहीं लगा।




He hated to see so much delicious pie go.

इसलिए हैरल्ड ने एक भूखा हिरण और एक साही
बनाकर उन्हें मिठाई चट करने को लगाया।




So Harold left a very hungry moose and a
deserving porcupine to finish it up.

वह अब कहां है, यह जानने के लिए
हैरल्ड एक टीले पर चढ़ा।




And, off he went, looking for a hill
to climb, to see where he was.

हैरल्ड को पता था कि वह जितना ऊंचा चढ़ेगा
उतना ही दूर तक देख पाएगा।
इसलिए उसने टीले को एक पहाड़ी बनाया।



Harold knew that the higher up he went the
farther he could see. So he decided
to make the hill into a mountain.

उसे लगा कि बहुत ऊंचाई से वह अपने घर
के बेडरूम की खिड़की को देख पाएगा।




If he went high enough, he thought,
he could see the window of his bedroom.

हैरल्ड अब थक गया था और
उसे अब नींद भी आ रही थी।




He was tired and he felt
he ought to be getting to bed.

कितना अच्छा हो अगर पहाड़ी के ऊपर से
उसे बेडरूम की खिड़की दिख जाए।




He hoped he could see his bedroom
window from the top of the mountain.

पर पहाड़ी की चोटी से नीचे
देखते हुए हैरल्ड फिसल गया।




But as he looked down over
the other side he slipped-

पहाड़ी के उस पार कुछ भी नहीं था।
हैरल्ड हवा में नीचे गिरने लगा।




And there wasn't any-other side of the mountain.
He was falling, in thin air.

परंतु भाग्यवश हैरल्ड ने अपनी अक्ल का उपयोग किया।
वह हाथ में अभी भी मोटी पेंसिल पकड़े था।




But, luckily, he kept his wits and
his purple crayon.

उसने पेंसिल से हवा का गुब्बारा बनाया
और उससे लटक गया।




He made a balloon and he grabbed on to it.

हैरल्ड ने गुब्बारे के नीचे खड़े
होने के लिए एक टोकरी बनाई।




And he made a basket under the
balloon big enough to stand in.

उसे इतनी ऊंचाई से बहुत कुछ दिखाई दे रहा था,
परंतु घर की खिड़की अभी भी नदारद थी।



He had a fine view from the balloon
but he couldn't see his window.
He couldn't even see a house.

इसलिए हैरल्ड ने एक घर बनाया
और उसमें कई खिड़कियां भी।



So he made a house, with windows.

फिर उसने हवा के गुब्बारे को घर के सामने
घास के मैदान में सुरक्षित उतारा।



And he landed the balloon
on the grass in the front yard.

परंतु इस घर की खिड़कियां उसके घर की
खिड़कियों से बिल्कुल अलग थीं।



None of the windows was his windows.

हैरल्ड अपनी खिड़की के बारे में सोचने लगा।



He tried to think where his window ought to be.

उसने पास खड़े पुलिसमैन से पूछा।




He decided to ask a policeman.

जिस ओर हैरल्ड जा रहा था उसी ओर
पुलिसमैन ने उसे जाने की सलाह दी।
फिर भी हैरल्ड ने पुलिसमैन का शुक्रिया अदा किया।




The policeman pointed the way Harold was going anyway. But Harold thanked him.

उसे तमाम खिड़कियां दिखाई दीं।
पर उनमें से एक भी खिड़की उसकी अपनी नहीं थी।




But none of the windows was his window.

उसकी खिड़की कहां हो सकती थी? हैरल्ड सोचने लगा।




He couldn't think where it might be.

उसे याद आया कि उसके बेडरूम की खिड़की
हमेशा चांद के पास होती थी।



He remembered where his bedroom window was,
when there was a moon.

उसकी खिड़की चांद के चारों ओर
एक फ्रेम जैसा बनाती थी।




It was always right around the moon.

फिर हैरल्ड चांद के साथ-साथ चलने लगा। काश!
वह इस वक्त अपने बेडरूम में होता।




And he walked along with the moon,
wishing he was in his room and in bed.

तभी अचानक हैरल्ड को याद आया।




Then, suddenly, Harold remembered.

उसने कुछ और खिड़कियां बनाईं।




He made some more windows.

फिर उसने खिड़कियों से भरी एक बड़ी इमारत बनाई।



He made a big building full of windows.

उसने बहुत सारी ऊंची इमारतें बनाईं और
उनको खिड़कियों से भरा।




He made lots of buildings full of windows.

उसने खिड़कियों से पूरे शहर को भर दिया।



He made a whole city full of windows.

फिर हैरल्ड ने अपना पलंग बनाया।




And then Harold made his bed.

फिर उसने रजाई बनाई और उसे ओढ़कर लेट गया।



He got in it and he drew up the covers.

उसकी मोटी पेंसिल जमीन पर गिर पड़ी।
फिर हैरल्ड को गहरी नींद आ गई।



The purple crayon dropped on the floor.
And Harold dropped off to sleep.

नव जनवाचन आंदोलन

हैरल्ड के पास एक मोटी पेंसिल है जिससे वह जो चाहे बना सकता है। वह सड़क बनाता है और उसपर घूमता है। वह नाव की सैर करता है, पहाड़ी पर चढ़ता है और फिसलता है। गिरते-गिरते वह एक गुब्बारा बनाता है। घूमते-फिरते वह खो जाता है। फिर वह अपना घर कैसे खोजता है, पढ़िए इस अनूठी कहानी में।

Harold has a blue crayon with which he makes whatever he likes. First he makes a road to walk on. Then he makes a boat for a joyride, and then a hill to climb. Harold slips from the hill and is falling in thin air. Then he makes a gas balloon to hang by. During his adventures Harold gets lost. Read this book to find how Harold finally finds his home.



भारत ज्ञान विज्ञान समिति